भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाषः 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल- moef.ddn@gov.in

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE
INTEGRATED REGIONAL OFFICE, DEHRADUN
25 SUBASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./06/119/2021/एफ.सी./843 दिनांकः 19/09/2022

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय : जनपद –पिथैरागढ़ के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र धारचूला के दोबांट रांथी हल्का वाहन मार्ग के निर्माण हेतु 5.175 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (online no. FP/UK/Road/67235/2021)

सन्दर्भः अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या– 571/ FP/UK/ Road/67235/2021 दिनांक 27.08.2022

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 23.12.2021 का उत्तर राज्य सरकार के सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत किया है जिसके अवलोकन उपरान्त प्रस्ताव में कुछ त्रुटियाँ पाई है। अतः आपसे अनुरोध है कि निम्नाँकित बिन्दु पर अभिलेख/दस्तावेज़ इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें :–

1. बिन्दु संख्या–03 के संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में निर्मित 3–4 मी0 चौड़ाई पर कच्चे मार्ग की स्थिति के संदर्भ में अवगत किया है कि इस मार्ग हेतु एफ.सी.ए.,1980 के प्रावधानों के अंतर्गत स्वीकृति नहीं ली गयी है। अतः राज्य सरकार यह स्पष्ट करें कि यदि यह कच्चा मार्ग 1980 से पूर्व में ही निर्मित है तो इसे पुष्ट करने हेतु SoI Toposheet की इंगित प्रति इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. मलवा निस्तारण क्षेत्र यदि गैर–वन भूमि में ली गयी है तो वर्तमान में उल्लेखित 1.192 हे0 गैर–वन भूमि तथा मलवा निस्तारण हेतु चयनित नाप भूमि को जोड़ते हुये अर्थात 1.192 + 0.2 =1.392 हे0 को यथानुसार ऑनलाईन पोर्टल पर संसोधन करने का कष्ट करें।
3. बिन्दु संख्या–02 के संदर्भ में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा सी.ए. हेतु नया क्षेत्र चयनित कर प्रस्तुत किया गया है, जिसके डी.एस.एस. उपरांत सम्पूर्ण क्षेत्र MDF पाया गया है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि सी.ए. हेतु अन्य क्षेत्र प्रस्तावित कर इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।

प्रस्ताव को **आगामी आर.ई.सी. की बैठक** में चर्चा हेतु रखा जाना सुनिश्चित किया गया है एवं राज्य सरकार से अनुरोध है कि संबंधित डी0एफ0ओ0 एवं अधिशाषी अभियंता को बैठक में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

19.09.2022

(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)
सहायक महानिरीक्षक (वन)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।

(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)
सहायक महानिरीक्षक (वन)